ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, रविवार 20 अक्टूबर 2024

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 226

महाराष्ट्र भाजपा की 99 कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट, 89 पुराने:इनमें 10 SC-ST, 13 महिलाएं; 3 निर्दलियों को भी टिकट; फडणवीस नागपुर दक्षिण-पश्चिम से लड़ेंगे



24 न्यूज अपडेट

मुंबई. महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को बीजेपी ने 99 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की। इनमें 6 सीटें एसटी और 4 सीटें एससी के लिए हैं। वहीं, 13 सीटों पर महिलाओं को टिकट दिया गया है। 10 पहली बार चुनाव लड़ेंगे। मौजूदा तीन निर्दलीय विधायकों को भी भाजपा ने टिकट दिया है। डिप्टी CM देवेंद्र फडणवीस नागपुर दक्षिण-पश्चिम से, महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले कामठी से लड़ेंगे। महाराष्ट्र के पूर्व CM अशोक चव्हाण की बेटी श्रीजया चव्हाण को भोकर और पूर्व केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे के बेटे संतोष दानवे को भोकरदन सीट से टिकट दिया गया है। 3 निर्दलीय को भी टिकट भाजपा की पहली लिस्ट में तीन निर्दलीय महेश बाल्दी (उरान), राजेश बाकाणे (देवली), विनोद अग्रवाल (गोंदिया) शामिल हैं। लोकसभा चुनाव हारे 2 को टिकट मई महीने में लोकसभा चुनाव में हारे सुधीर मुनगंटीवार को बल्लारपुर से और मिहिर कोटेचा को मुलुंड से टिकट मिला है।

2 भाइयों को मिला टिकट

मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार को बांद्रा पश्चिम से और उनके भाई विनोद शेलार को मलाड पश्चिम से टिकट मिला। विधानसभा अध्यक्ष नार्वेकर कोलाबा से लड़ेंगे विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को कोलाबा से और नितेश राणे को कंकावली से चुनाव लड़ेंगे। नार्वेकर शिवसेना और NCP विधायकों की सदस्यता खत्म नहीं करने को लेकर विपक्ष के निशाने पर रहे हैं। नितेश राणे मुस्लिम विरोधी बयानों को लेकर विवादों में हैं। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण की सीट कराड दक्षिण से अतुल भोसले को और छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज शिवेंद्रराजे भोसले को सातार से उम्मीदवार बनाया है।

फोरेंसिक एक्सपर्ट बोले- क्रूड बम जैसा मटेरियल; NIA-NSG की टीम पहुंची, गृह मंत्रालय ने रिपोर्ट मांगी



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली. दिल्ली में रोहिणी सेक्टर 14 के प्रशांत विहार इलाके में रविवार सुबह करीब 7:30 बजे CRPF स्कूल के पास धमाका हुआ। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। लेकिन CRPF स्कूल की दीवार, आस-पास की दुकानें और कुछ कारों को नुकसान पहुंचा है।

नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (NIA) और नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (NSG) की टीम जांच के लिए पहुंची है। मामले को लेकर गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। इसके अलावा जांच के लिए बम निरोधक दस्ता, फोरेंसिक टीम, क्राइम ब्रांच और स्पेशल सेल के साथ-साथ फायर ब्रिगेड के अधिकारी भी पहुंचे है।

फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (FSL) टीम के सूत्रों के मुताबिक, शुरुआती जांच में क्रूड बम जैसा मटेरियल मिला है। हालांकि, पूरी रिपोर्ट मिलने के बाद ही आधिकारिक जानकारी मिल पाएगी। पुलिस ने बताया कि CRPF स्कूल के पास धमाके का CCTV फुटेज भी सामने आया है। FIR दर्ज करके आगे की जांच जारी है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि राजधानी में कानून-व्यवस्था भाजपा की केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। लेकिन वह अपना 99% समय चुनी हुई सरकार के काम को रोकने में लगाती है। मई महीने में 150 से ज्यादा स्कूलों में बम धमाके की धमकी से जुड़े ईमेल आए थे। जांच एजेंसियां इस एंगल से भी इन्वेस्टिगेशन कर रही हैं।

पुलिस को PCR कॉल पर धमाके की जानकारी मिली

पुलिस अधिकारियों ने बताया, "रविवार सुबह 07:47 बजे, एक PCR कॉल आया। कॉलर ने बताया कि रोहिणी के सेक्टर 14 में CRPF स्कूल के पास बहुत शोर के साथ एक ब्लास्ट हुआ है। इसके बाद SHO और स्टाफ मौके पर पहुंचे। आस-पास की दुकानों के शीशे और दुकान के पास खड़ी एक कार भी क्षतिग्रस्त हुई है।"

बम की धमकी, आज 20 फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग:7 दिन में 90 विमानों में बम की धमकियां; केंद्र ने DGCA प्रमुख को हटाया



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली/मुंबई. देश में यात्री विमानों को मिल रही धमकी का सिलसिला लगातार जारी है। रविवार को 20 से ज्यादा फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, इंडिगो, विस्तारा और एयर इंडिया की छह-छह विमान शामिल हैं। एक दिन पहले शनिवार को 30 से ज्यादा विमानों को धमकी मिली थी। इसके चलते सैकड़ों यात्री घंटों परेशान हुए। पिछले एक हफ्ते में 90 से ज्यादा विमानों को बम की धमकी मिल चुकी है। बाद में ये सभी झूठी साबित हुईं। इन धमकियों की वजह से अब तक 200 करोड़ रुपए तक का नुकसान हो चुका है। गृह मंत्रालय ने इस संबंध में सिविल एविएशन मिनिस्ट्री और ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी से डिटेल रिपोर्ट मांगी है। CISF, NIA और IB को भी रिपोर्ट देने को कहा गया है। वहीं, केंद्र ने शनिवार को DGCA चीफ विक्रम देव दत्त को पद से हटाते हुए कोयला मंत्रालय में सचिव बना दिया। इस बदलाव को धमकी वाले मामलों से जोड़कर देखा जा रहा है।वहीं, शनिवार को एक साथ 30 धमकियां मिलने के बाद विमान कंपनियों के बड़े अधिकारियों ने ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (BCAS) के अफसरों से मुलाकात की। ब्यूरो के डायरेक्टर जनरल जुल्फिकार हसन ने उन्हें भरोसा दिलाया कि भारतीय आकाश पूरी तरह सुरक्षित है।

हफ्तेभर में 200 करोड़ का नुकसान

विमान में बम होने की सूचना मिलने पर फ्लाइट को अपने निर्धारित एयरपोर्ट के बजाय नजदीकी हवाई अड्डे पर उतारा जाता है। इससे ईंधन की खपत तो ज्यादा होती ही है, विमान की दोबारा जांच करने, यात्रियों को होटलों में ठहराने और उन्हें उनके मंजिल तक पहुंचाने के लिए व्यवस्था करनी पड़ती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इन सब पर करीब 3 करोड़ रुपए तक खर्च हो जाते हैं। इस हफ्ते विस्तारा, एअर इंडिया, इंडिगो, अकासा, स्पाइसजेट, स्टार एयर और अलायंस एयर की 70 से ज्यादा घरेलू व अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को धमकी मिल चुकी है। धमकियों की वजह से अब तक 200 करोड़ तक का नुकसान हो चुका है। लंदन और दुबई जा रही फ्लाइट में बम की धमकी शुक्रवार की देर रात एअर इंडिया एक्सप्रेस और विस्तारा एयरलाइंस की एक-एक फ्लाइट में बम होने की धमकी दी गई। इनमें से दिल्ली से लंदन जा रही विस्तारा की फ्लाइट को फ्रैंकफर्ट डायवर्ट किया गया। जबकि 189 पैसेंजर्स को लेकर दुबई जयपुर आ रही एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (IX-196) की जयपुर में रात 1:40 बजे इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। जांच में दोनों ही विमानों में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में 10वीं गिरफ्तारी:नवी मुंबई से भगवंत सिंह पकड़ा गया, मर्डर के लिए हथियार लेकर उदयपुर से मुंबई पहुंचा था



24 न्यूज अपडेट

मुंबई. मुंबई पुलिस ने बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में 10वें आरोपी को गिरफ्तार किया है। नवी मुंबई इलाके से आरोपी भगवंत सिंह को पकड़ा गया है। पुलिस ने बताया कि भगवंत सिंह एक आरोपी के साथ हथियार लेकर उदयपुर से मुंबई गया था। वह शुरू से ही शूटर्स और साजिशकर्ताओं के संपर्क में था। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच की 15 टीमें अलग-अलग एंगल से मामले की जांच कर रही हैं। एक दिन पहले 19 अक्टूबर को पांच आरोपियों को पकड़ा गया था। पुलिस ने डोंबिवली से नितिन सप्रे,पनवेल से रामफुल चंद कनौजिया, संभाजी किशोर पारधी, प्रदीप दत्तू थोम्ब्रे और चेतन पारधी को अंबरनाथ से गिरफ्तार किया था। ये सभी लोग मुख्य साजिशकर्ता शुभम लोनकर और मास्टरमाइंड मोहम्मद जीशान अख्तर के संपर्क में थे। ये दोनों अभी फरार हैं। कोर्ट ने सभी को 25 अक्टूबर तक पुलिस रिमांड में भेज दिया है। 12 अक्टूबर की रात को बाबा सिद्दीकी की उनके बेटे जीशान के ऑफिस के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या की जिम्मेदारी गैंगस्टर लॉरेंस गैंग ने ली है। गैंग ने बाबा के मर्डर का कारण बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान को बताया है। सलमान को आज भी ईमेल के जरिए जान से मारने की धमकी मिली है। सप्रे और कनौजिया मॉड्यूल के प्रमुख सदस्य मुंबई पुलिस के मुताबिक- आरोपियों से पूछताछ में सामने आया है कि नितिन गौतम सप्रे और फूलचंद कनौजिया इस मॉड्यूल के प्रमुख सदस्य हैं। सिद्दीकी की हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार इस मॉड्यूल ने ही शूटरों को मुहैया कराए थे। हथियारों में विदेश में बनी पिस्टल टिसास-ग्लॉक और एक देशी पिस्टल भी है। पुलिस के मुताबिक, हथियार उत्तर भारत से लाए गए थे। मिड सितंबर में इनकी डिलीवरी की। इस मॉड्यूल ने शूटरों को पैसे और लॉजिस्टिक सपोर्ट दिया। फरार आरोपी शिवकुमार गौतम और गिरफ्तार आरोपी धर्मराज कश्यप अगस्त में इस मॉड्यूल के सदस्यों के साथ थे। अधिकारी ने कहा कि यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि क्या मॉड्यूल ने शूटरों को कर्जत (मुंबई) में फायरिंग की प्रैक्टिस में मदद की थी। पुलिस अब इन आरोपियों के लोकल नेटवर्क का पता लगा रही है।

करणी सेना अध्यक्ष ने की लॉरेंस के एनकाउंटर की मांग:गुजरात में राज शेखावत बोले- केंद्र सरकार ऐसे गैंगस्टर को पनाह क्यो दे रही?



24 न्यूज अपडेट

वडोदरा. हाल ही में महाराष्ट्र के एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या और सलमान खान को धमकी देने से गैंगेस्टर लॉरेंस बिश्नोई चर्चा में है। इसी बीच गुजरात के वडोदरा पहुंचे करणी सेना के अध्यक्ष राज शेखावत ने उसके एनकाउंटर की मांग की। मीडिया से बात करते हुए शेखावत ने कहा- उग्रवादियों और आतंकवादियों की श्रेणी में आने वाले लॉरेंस जैसे गैंगस्टरों से सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा- केंद्र सरकार पर भी सवाल खड़ा होता है कि आप ऐसे गैंगस्टर को क्यों पनाह दे रहे हैं। वह जेल में बैठकर लोगों की हत्या करवा रहा है और फिरौती मांग रहा है। बड़ा सवाल यह है कि केंद्र सरकार इस पर पर्दा क्यों डाल रही है। इससे देश में डर का माहौल बना हुआ है। गौरतलब है कि 22 दिसंबर को अहमदाबाद में क्षत्रिय एकता महासम्मेलन होना है। इसी को लेकर आज वडोदरा में क्षत्रिय समाज की आमसभा रखी गई है। शेखावत इसी आमसभा में शामिल होने आज वडोदरा पहुंचे हैं।

एक गैंग का मुखिया जेल में बैठकर फिरौती मांगता है राज शेखावत ने आगे कहा- मैं आपसे और देश की जनता से पूछना चाहता हूं कि आज जो डर का माहौल पैदा हुआ है। उसे लेकर लॉरेंस बिश्नोई और उसके गैंग के लोग कहां तक स्वीकार्य हैं। क्या ऐसे गैंगस्टर का एनकाउंटर नहीं किया जा सकता। आज इस गैंग का लीडर जेल में बैठकर देश के व्यापारियों को परेशान कर रहा है। देश के सामाजिक या राजनीतिक नेताओं की हत्या कर रहा है।

अमेरिका से इजराइल की खुफिया जानकारी लीक

24 न्यूज अपडेट

वाशिंगटन. अमेरिका से इजराइल के सीक्रेट डॉक्यूमेंट लीक हो गए हैं। इसमें ईरान पर हमले की प्लानिंग थी। CNN की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ने इस मामले में जांच भी शुरू कर दी है। CNN ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से लिखा कि इस तरह से डॉक्यूमेंट का लीक होना अमेरिका के लिए गहरी चिंता का विषय है। इन डॉक्यूमेंट पर 15 और 16 अक्टूबर की तारीख लिखी हुई है। इन्हें 18 अक्टूबर, शुक्रवार को टेलीग्राम पर 'मिडिल ईस्ट स्पेक्टेटर' नाम के चैनल ने पोस्ट किया है। इन पर टॉप सीक्रेट लिखा हुआ है। साथ में ये भी बताया गया कि ये डॉक्यूमेंट सिर्फ अमेरिका और उसके सहयोगी देश ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड और ब्रिटेन के लिए हैं। ये सभी देश खुफिया नेटवर्क फाइव आइज (FIVE EYES) का हिस्सा हैं। ईरान ने इजराइल पर 1 अक्टूबर को 180 मिसाइलों से हमला किया था। इसके बाद इजराइल ने पलटवार करने की बात कही थी। ईरान पर हमले के लिए तैयारी में जुटा इजराइल सीक्रेट डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक इजराइल ईरान पर बड़े हमले की तैयारी कर रहा है। इनमें से एक डॉक्यूमेंट के मुताबिक हमले के लिए इजराइल ने हथियारों को ट्रांसपोर्ट करना शुरू कर दिया है। इस डॉक्यूमेंट को नेशनल जियोस्पैटियल इंटेलिजेंस एजेंसी ने तैयार किया है।

संपादकीय : संघ का भागवत मंत्र

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत का विजयादशमी भाषण कई अर्थों में महत्त्वपूर्ण है। पहला, यह प्रचलित संवाद की सतही हो चुकी संस्कृति से भिन्न है। समकालीन राष्ट्रीय जीवन में संवाद का स्तर सिर्फ भाषा नहीं, तथ्य और तर्क के स्तरों पर भी गिरता जा रहा है। गंभीर प्रश्नों को सहज तरीके से उठाया जा रहा है। दूसरा, संघ क्यों बढ़ता जा रहा है, इसका भी उत्तर इसमें मिलता है। भागवत ने इतिहास के चार नायकों महारानी दुर्गावती, स्वामी दयानंद सरस्वती, सत्संग अभियान के अनुकूल चंद्र ठाकुर और बिरसा मुंडा को लोगों की जीवंत स्मृति में लाने का काम किया है। ऐसा नहीं है कि भारत के लोग इन नायकों से अपरिचित हैं। पर उनका दर्शन और कर्तृत्व स्मृति पटल में ओझल होता जा रहा है। ऐसे नायकों के विचार संघ के सामाजिक-सांस्कृतिक दर्शन के कितने नजदीक हैं, यह महत्त्व का विषय नहीं होता है। इतिहास के पन्नों में सिमटे पात्रों और घटनाओं को नई पीढ़ी के सामने सिर्फ पाठ्य पुस्तकों द्वारा नहीं लाया जा सकता है। देश में दूसरा कौन सामाजिक-राजनीतिक संगठन है, जिसकी रुचि इन बातों में है ? राष्ट्र के अतीत को वर्तमान से जोड़ना किसी जीवंत समाज की विशिष्टता होनी चाहिए। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस, अपने ही संस्थापकों को भूल चुकी है। वामपंथी कुलीनों को मार्क्स, माओ के पुनर्पाठ से फुर्सत नहीं है। विरासत को आत्मसात करना संघ की ताकत बन गई है। भाषण में षड्यंत्रकारी ताकतों, जिन्हें 'डीप स्टेट' कहा जाता है, को चुनौती के रूप में स्वीकार किया गया है। इसमें वे भी हैं जो संविधान की भाषा और प्रावधानों का उपयोग कर संविधानेतर कार्य कर असंतोष को अराजकता में रूपांतरित करने का प्रयास कर रहे हैं। दुर्भाग्य से भारतीय राजनीति का एक बड़ा वर्ग अपनी राजनीति की अनुकूलता के लिए उन ताकतों को वैधानिकता देता है। राष्ट्र की बुनियाद पर खतरे से लोकशक्ति द्वारा ही लड़ा जा सकता है। देश में गांधीवादी, आंबेडकरवादी सहित अनेक विचारों के लोग हैं। पर उन बातों पर उनकी चौंकाने वाली चुप्पी, अरुचि या आलस्य तीनों दिखाई पड़ती है। यों तो पूरी दूनिया तकनीक के विस्तार के कुछ दुष्परिणामों को जूझ रही है। भारत अपवाद नहीं है। उदाहरण के लिए इंटरनेट पर पोर्नोग्राफी या अश्लील फिल्मों के चार मंच पर 2020 में प्रति माह 1100 करोड़ लोग पहुंचे, जो तमाम सोशल मीडिया के मंचों से अधिक है। यह हमें कहां ले जाएगा? हमारी मानसिकता और आचरण पर क्या प्रभाव डालेगी यह एक गंभीर सवाल है। संघ इस विषय पर अपनी बेचैनी दिखा रहा है। ऐसी बेचैनी व्यक्तिगत स्तर पर तो लोगों में है, पर संगठनों के स्तर पर नहीं है। संघ का नाम आते ही 'अल्पसंख्यक' विरोध सामने आ जाता है। संघ विरोधी ऐसी छवि गढ़ने में सफल हुए हैं। भागवत के भाषण में एक नई दृष्टि आई है। उन्होंने समुदायों के लोगों के बीच दोस्ती की बात कही है। यह विवादास्पद दुविधा से समाज को बाहर निकालने का एक मंत्र है। अनेक संप्रदायों, पूजा पद्धतियों के देश में विविधता की जड़ हमारे स्वभाव में आ गई है। ये विविधताएं संविधान सभा से नहीं, सांस्कृतिक चेतना से उपजती हैं। जिस समाज में ऐसा स्वभाव नहीं है, वहां न्यूनतम विविधता बनाए रखने के लिए भी संविधान के प्रावधानों और बहुमत वाले समुदाय के दया भाव की जरूरत होती है। लेकिन विविधता को अलगाव, जातीय- सांप्रदायिक, क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धा में बदलने का भी प्रयास हो रहा है। विभिन्न समुदायों के लोगों का साथ रहना, परस्पर सहयोग करना, साझा प्रयास और साझी विरासत के प्रति समर्पण ही दोस्ती का आयाम है। यह परंपरागत समुदायों के बीच संवाद से भिन्न है। ऐसा संवाद राष्ट्र को काल्पनिक रूप से विभाजित कर मोल- तोल को प्रोत्साहित करता है। एक नए सांस्कृतिक अभियान द्वारा सांप्रदायिक प्रवृत्तियों को समाप्त करने की आवश्यकता है। यह कार्य दुष्कर इसलिए है कि वोट बैंक की राजनीति देश में मानसिक विभाजन को निरंतर बढ़ा रही है। साझा आर्थिक गतिविधियों के भी प्रभावित होने का खतरा उत्पन्न हो रहा है। किसे लाभ होगा, किसे हानि होगी, यह अंकगणित सत्तावादी राजनीति का हिस्सा है। विपक्ष का बड़ा वर्ग अल्पसंख्यकवाद को अपना दर्शन मानता है। पर उसके प्रतिकार में 'हिंदू खतरे में है' का नारा भी अनुचित है। स्वतंत्रता पूर्व महासभा का यही स्वभाव था । राष्ट्रीय जीवन को अखंडित रूप में देखना अब चुनौती नहीं बननी चाहिए। समाज को स्वविवेक से खड़ा होना होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो स्थिति बिगड़ने में देर नहीं लगती है। एक-दूसरे के पर्व-त्योहारों, घर-दलानों पर व्यापक तौर से पहुंचना ही उसका आयाम है। भागवत के भाषण का यह पक्ष कुछ लोगों और समुदायों के लिए दुविधा का कारण बन सकता है, पर वे कुछ लोग राष्ट्र के भाग्य निर्माता नहीं हैं। व्यक्ति, समुदाय, पूजा पद्धतियां, परंपराएं आती-जाती रहती हैं, पर राष्ट्र की आयु, असीमित होती है। संघ ने इससे अपने आपको जोड़ा है। इसलिए इसके पास जितनी जिम्मेदारी पच्चीस लोगों के साथ 1925 में स्थापना के समय थी, उससे कई गुना अधिक चुनौती पच्चीस करोड़ लोगों के समर्थन के बाद सौवें वर्ष में है। ऐसी जिम्मेदारी की भावना ने ही संघ को विभाजन, आंतरिक सत्ता प्रतिस्पर्धा और निराशावाद से बचाया है। आधुनिक दुनिया में यह अपवाद की तरह है। रूस में बोल्शेविक पार्टी बनी थी, जो बाद में सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी कहलाई । इसके वैचारिक रूप से संकल्पित बुद्धिजीवी नेता, लेनिन, मारटोव, ट्राटस्की और प्लेखानोव एक साथ नहीं रह पाए। बिखरे और एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी, आलोचक बन गए। संघ के आलोचकों को अपना फलक बदलना होगा, अन्यथा वे विध्वंसात्मकता के पैरोकार बने रहेंगे। नुकसान संघ को कम, राष्ट्रीय जीवन को अधिक होगा। ऐसे ही विभाजन के कारण पंथनिरपेक्षता की जननी भारत को पंथनिरपेक्षता के लिए 'अग्नि परीक्षा' बार-बार देनी पड़ती है।

बीजेपी से टिकट नहीं मिलने पर फूट-फूटकर रोए मीणा:आलाकमान से 24 घंटे में निर्णय बदलने की मांग, उपचुनाव में सलूंबर से की थी दावेदारी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. सलूंबर विधानसभा उप चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा टिकट नहीं मिलने से नाराज भाजपा नेता नरेन्द्र मीणा रविवार को एक सभा में पहुंचते ही फूट-फूटकर रोने लगे। कार्यकर्ता और समर्थकों ने उन्हें गले लगाते हुए संभालने का प्रयास किया लेकिन वे रोते रहे। अपने आंसू नहीं रोक पाए। इसके बाद सभा में संबोधित करते हुए नरेन्द्र मीणा ने दिवंगत भाजपा विधायक अमृतलाल मीणा की पत्नी शांता देवी मीणा को उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर कहा कि भाजपा पार्टी का ही कोई सदस्य या कार्यकर्ता आता तो अच्छा रहता लेकिन, आप क्यों एक ही घर में इसे समेट रहे हो। नरेन्द्र मीणा ने कहा कि अब समाज के चुनिंदा व्यक्तियों से राय लेकर जो निर्णय किया जाएगा। उसे आलाकमान को भेजेंगे। आलाकमान को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए। नरेन्द्र मीणा ने कहा कि सलूंबर विधानसभा उपचुनाव में जैसे ही भाजपा टिकट की घोषणा हुई। इससे यहां के कार्यकर्ता और जनता में दुख की लहर चल पड़ी। आज सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मुझे निमंत्रण देकर यहां बुलाया। यहां हमने निर्णय लिया कि एक बार फिर आलाकमान पर विश्वास जताते हुए उन्हें टिकट पर पुनर्विचार के लिए 24 घंटे का समय दिया जाए। 21 अक्टूबर तक हम निर्णय बदलने का इंतजार करेंगे। अगर निर्णय नहीं बदलता है तो सलूंबर की जनता जो कहेगी वह करूंगा। मीणा बोले, कल रात को भाजपा नेता श्रीचंद कृपलानी का मेरे पास फोन आया। उन्होंने सीएम से बात कराने के लिए बोला। लेकिन मैंने उन्हें कहा कि सलूंबर की जनता जो कहेगी। मैं वहीं करूंगा।

भाजपा ने सहानुभूति कार्ड चला

भाजपा ने उपचुनाव में दिवंगत विधायक अमृतलाल मीणा की पत्नी शांता देवी को टिकट देकर सहानुभूति कार्ड चला है। पिछले कई उपचुनाव में सहानुभूति कार्ड कारगर रहा है। पिछली बार राजसमंद में विधायक किरण माहेश्वरी के निधन के बाद उनकी बेटी दीप्ति माहेश्वरी को टिकट दिया। वह उपचुनाव भी जीती और अभी विधायक हैं। कांग्रेस राज में हुए उपचुनाव के दौरान कांग्रेस और बीजेपी ने दिवंगत विधायकों के बेटे-बेटियों को टिकट दिया और वह चुनाव जीते।

सफेद पत्थरों और बजरी से भरी 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

3 ड्राइवरों को हिरासत में लिया, खनन विभाग वसूलेगा जुर्माना



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर. डूंगरपुर की सरोदा थाना पुलिस ने पत्थरों के अवैध खनन कर परिवहन के मामले में 3 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त की हैं। जिसमें सफेद पत्थर और बजरी भरी हुई थी। पुलिस ने 3 ड्राइवर को डिटेन कर लिया है। वहीं खनन विभाग मामले में जुर्माने की कार्रवाई करेगा। सरोदा थानाधिकारी भुवनेश कुमार ने बताया कि जिले में चौरासी विधानसभा उपचुनावों को लेकर आचार संहिता लागू है। ऐसे में अवैध खनन और कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आज अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए 3 ट्रैक्टर ट्रॉली को रुकवाया। जिसमें से 2 ट्रॉली में सफेद पत्थर भरे हुए थे, जबकि एक ट्रॉली में बजरी भरी हुई मिली। पत्थर और बजरी परिवहन को लेकर कोई डॉक्यूमेंट भी नहीं मिले। जिस पर पुलिस ने तीनों ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर थाने ले गए। पुलिस ने ड्राइवर धूलसिंह पुत्र मावसिंह राजपूत निवासी काब्जा, कैलाश पुत्र उदयलाल सरपोटा निवासी पादरडी बड़ी, बापू पुत्र धना ननोमा निवासी ज्ञानपुर को डिटेन किया है। वहीं कार्रवाई को लेकर सूचना खनन विभाग को दी गई है। जिस पर खनन विभाग की ओर से जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी।

वरड़ा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पथ संचलन निकाला

हमारा समाज शक्तिशाली तो है परंतु संगठित नहीं, एक घंटे की शाखा ही इसका सबसे प्रमुख उपाय



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 20 अक्टूबर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजयादशमी के मौके पर आयोजित होने वाले पथ संचलन की श्रृंखला में रविवार को संघ के महानगर के ग्राम वरडा में पथ संचलन निकाला गया। इस पथ संचलन में गांव के प्रत्येक घर की सहभागिता रही व बड़ी संख्या में स्वयंसेवक शामिल हुए।

इस मौके पर उपस्थित ग्रामीण जन एवं स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए महानगर प्रचारक नारायण ने कहा कि राष्ट्र सेवा के पुनीत लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से गठित हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 99 वर्ष की साधना पूर्ण हो चुकी है एवं यह अब शताब्दी वर्ष में प्रवेश करते हुए स्व राष्ट्र को परम वैभव पर पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हो चुका है। उन्होंने इस मौके पर कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसी गंगा का प्रवाह का अवगाहन भगीरथ स्वरूप केशव बलिराम हेडगेवार ने किया था और उनके संकल्पों व संदेशों को आत्मसात करते हुए हर एक स्वयंसेवक पूरी निष्ठा से प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश का संकट है कि हमारा समाज शक्तिशाली तो है परंतु संगठित नहीं, एक घंटे की शाखा इसका सबसे प्रमुख उपाय है। उन्होंने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष के संदर्भ में हमारा दायित्व और अधिक बढ़ जाता है। इस अवसर पर उन्होंने संघ के पंच प्रण को पूर्ण करने के लिए सभी को समर्पित भाव से कार्य करने और अधिकाधिक कार्य विस्तार हेतु आहवान किया।

इससे पहले संपूर्ण गांव में पथसंचलन निकाला गया। संघ की आकर्षक वेशभूषा में दंड धारण किये सैकड़ों स्वयंसेवकों ने पूर्ण अनुशासित ढंग से गांव के प्रमुख मार्गों से संचलन किया। घोष वादकों व बांसुरी वादकों के समूह के वाद्ययंत्रों की ध्वनियों से गांव की गलियां गुंजायमान हो उठी। ग्रामीणों ने भी पुष्पवृष्टि कर स्वयंसेवकों का स्वागत अभिनंदन किया। संचलन से पूर्व विजयदशमी पर शस्त्र पूजन हुआ। इस अवसर पर सरपंच दूल्हे सिंह देवड़ा एवं चारभुजा सेवा समिति के अध्यक्ष नाहर सिंह, गमेती समाज चोखला के अध्यक्ष भगवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और स्वयंसेवक मौजूद थे।

शैक्षिक सम्मेलन 25 व 26 को, आयोजन को सफल बनाने को लेकर बैठक

24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। राजस्थान पंचायतीराज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन रेजीडेन्सी बालिका विधालय के सभागार में 25 व 26 अक्टूबर को आयोजित किया जायेगा। शैक्षिक सम्मेलन की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए प्रदेशाध्यक्ष शेर सिंह चौहान के निर्देशानुसार आज संगठन के पदाधिकारियों की बैठक फतह स्कूल के सभागार में जिलाध्यक्ष प्रथम सतीश जैन व जिलाध्यक्ष द्वितीय रुप लाल मीणा कें अध्यक्षता में आयोजित हुई जैन ने बताया कि दो दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन में शिक्षा ,शिक्षार्थी तथाशिक्षको की विभिन्न समस्याओ के साथ साथ शिक्षा में नवाचार के बारे में मंथन किया जाएगा बैठक में नवीन व्यास , कमलेश शर्मा , प्रेम बैरवा , ईश्वर सिंह राठौड़ , नानक राम , निसार अहमद , अवदेश कुच्छवाह आदि पदाधिकारी मौजूद थे

लायन्स क्लब उदयपुर लेकसिटी का 45वां चार्टर नाईट समारोह



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। लायन्स क्लब उदयपुर लेकसिटी का 45 वां चार्टर नाईट समारोह लायन्स भवन देवाली, उदयपुर में समारोहपूर्वक आयोजित किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रान्तपाल एमजेएफ लायन श्याम सुन्दर जी मंत्री थे। लायन कैलाश मेनारिया ने बताया कि क्लब अध्यक्ष डॉ. अनुभा शर्मा की अध्यक्षता में चार्टर मेम्बर लायन ओ. पी. चपलोत, मान सिंह पानगरिया, डॉ. बी. एस. बम्ब, एस. के. पोखरना, डॉ. बी. एल. दलाल, आर. के. चतुर, वी. सी. व्यास एवं एस. के. त्रिपाठी को माला, श्रीफल भेंटकर, उपरणा ओढ़ाकर सम्मानित किया इसके साथ ही क्लब बुलेटिन एवं मोबाईल डायरेक्टी का विमोचन प्रान्तपाल एमजेएफ लायन श्याम सुन्दर जी ने किया व योगाचार्य डॉ. मीना बाबेल को उनके द्वारा योग पर प्रकाशित पुस्तक के लिए उनको सम्मानित किया। क्लब की समाज सेवा कार्यो की गतिविधियों से प्रभावित होकर क्लब में 7 नये सदस्यों ने क्लब की सदस्यता ग्रहण की।

समारोह के दौरान रीजन चेयरमेन के. वी. रमेश, क्लब सचिव राजेन्द्र चित्तौड़ा, ट्रस्ट अध्यक्ष वर्धमान मेहता, लीयो क्लब अध्यक्ष नेहल कोठारी, वरिष्ठ सदस्य दीपक हिंगड़, अशोक जैन, के. जी. मुन्दड़ा, एस. एल. भदादा, प्रमोद चौधरी, एम. ए. रंगवाला, नवल पगारिया, नरेन्द्र शर्मा, डॉ. डी. एस. चौहान, मनीष शर्मा, मुकेश सिरोया, के. एल. पुनमिया, आर. एस. भण्डारी, आर. एम. ओस्तवाल, सिद्धार्थ चतुर, स्वाती कनुकोलन, अर्चना चित्तौड़ा, रीतू धींगड़ा, अरूणा मुन्दड़ा, सकीना रंगवाला, मनीषा शर्मा एवं क्लब के कई सदस्यों ने भाग लिया व कार्यक्रम का संचालन माया सिरोया ने किया।

अवैध बजरी परिवहन में लिप्त 2 वाहनों को किया जब्त



24 न्यूज अपडेट

सलूंबर। अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ शनिवार देर रात में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी परिवहन में लिप्त 2 वाहनों को जब्त किया गया और पूछे जाने पर सल्लाड़ा नदी से बजरी निम्बोदा ले जाना बताया गया जिस पर कार्यवाही करते हुए संबंधित पुलिस थाने में सुपुर्द किया है। जिला iकलेक्टर जसमीत सिंह संधू और उपखण्ड अधिकारी पर्वत सिंह चुंडावत के निर्देशन में तहसीलदार आस्था बामनिया,थानाधिकारी हेमंत अहारी ने कार्रवाई करते हुए दो डंपर को अवैध बजरी परिवहन करते हुए जब्त किया है। तहसीलदार आस्था रानी बामणिया ने बताया कि बजरी के अवैघ परिवहन करते हुए पकड़े गए दो डंपर को जब्त कर सराडा थाने को सुपुर्द किया गया है और 8 लाख 29 हज़ार का चालान बनाया गया। तहसीलदार आस्था रानी बामणिया ने बताया कि जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू एवं उपखण्ड अधिकारी पर्वत सिंह चुंडावत ने निर्देश दिए हैं कि अवैध खनन गतिविधियों यथा अवैध खनन, अवैध खनिज परिवहन और अवैध खनिज भण्डारण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएं। इस दौरान विशेष सहयोग में पटवारी भूपेश,कांस्टेबल रणजीत सिंह और कालूराम रहे । अवैध खनन पर नियंत्रण के लिये प्रभावी कार्रवाही करेः- जिला कलक्टर जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने कहा कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे अवैध खनन पर नियंत्रण के लिये प्रभावी कार्रवाही करे तथा संयुक्त अभियान चलाकर अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाही करे और उन्होने कहा कि अवैध खनन करने वालों पर निगरानी रखे ।

स्मृति संध्या व गौसेवा अभिनंदन समारोह, गौ सेवा से मिलता है पुण्य - विधायक फुल सिंह मीणा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शिव शंकर गौशाला, उदयपुर के संस्थापक स्मृति शेष सुरेन्द्र सिंह चौहान की प्रथम पुण्यतिथि पर स्मृति संध्या व गौसेवा अभिनंदन समारोह पुष्कर दास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित किया गया। मिडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता रविकांत त्रिपाठी गौशाला के कोषाध्यक्ष व हिंदू जागरण मंच चित्तौड़ प्रांत प्रमुख ने की। मुख्य अतिथि की फुल सिंह मीणा विधायक उदयपुर ग्रामीण, धर्म नारायण जोशी पूर्व विधायक मावली, डॉ जिनेन्द्र शास्त्री, डॉ रेणु पालीवाल थी। विशिष्ट अतिथि रतन सिंह राजपुरोहित, मनीष अग्रवाल, डॉ नारायण सिंह चावड़ा,रमन कुमार सूद, डॉ शरद अरोड़ा व नरेश पूर्बिया थे। सचिव शालीनी राजावत ने सभी अतिथियों का उपरणा ओढ़ाकर, पगंडी पहनाकर,शोल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंटकर कर स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ भूपेंद्र शर्मा ने किया। विधायक फुल सिंह मीणा ने कहा कि गौ माता की सेवा करना पुण्य का कार्य है।गौ सेवा से सकारात्मक उर्जा का संचार होता होता हैं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक धर्म नारायण जोशी ने शिव शंकर गौशाला के दानदाताओं और सहयोगियों का स्मृति चिन्ह ,उपरणा और तुलसी का पौधा भेंट कर अभिनंदन किया गया। मुख्य वक्ता जिनेंद्र शास्त्री ने गौ सेवा को सनातन धर्म का अभिन्न अंग बताया । संस्कृत भारती चित्तौड़ प्रांत विद्वत परिषद प्रमुख डॉ रेनू पालीवाल ने गोवंश को वेदों और वैज्ञानिक आधार पर महत्व पर प्रकाश डाला। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक शरद अरोड़ा, राष्ट्र मंथन के संयोजक रमन कुमार सूद, डीवाईएसपी रतन सिंह राजपुरोहित, मीडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया, नारायण सिंह चावड़ा ने गौमाता के महत्व के बारे में चर्चा की।

सीएम बोले-जनता के बीच काम करने वालों को टिकट दिया



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। सीएम ने प्रदेश की 7 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर कहा- उन्हें टिकट दिया गया है, जिन्होंने जनता के बीच में रहकर काम किया। दरअसल, सीएम रविवार को राइजिंग राजस्थान समिट के लिए जर्मन-यूके की यात्रा पूरी कर जयपुर पहुंचे थे। दोपहर करीब 3 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचने पर पार्टी पदाधिकारियों की ओर से उनका स्वागत किया गया। इसके बाद शाम 4 बजे वे पार्टी मुख्यालय पहुंचे। बीजेपी मुख्यालय में भी स्वागत और सभा का कार्यक्रम रखा गया था। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भी गहलोत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा- यहां पहले होटल में कैंप करने वाली सरकार थी,इसलिए यहां निवेशक अपना पैसा इन्वेस्ट नहीं करना चाहते थे।

उपचुनाव में टिकट बंटवारे पर बोले सीएम- काम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी

उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमने सभी से तय करके टिकट की घोषणा की है। मैं आप सभी से आग्रह करना चाहता हूं कि जिन प्रत्याशियों को हमने टिकट दिया है यह वे हैं, जिन्होंने जनता के बीच रहकर काम किया। इन सभी सीटों पर दूसरी पार्टी के विधायक थे। हमने यहां भी काम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। क्योंकि हम राजस्थान की 8 करोड़ जनता के लिए काम करते हैं।

सीएम बोले-कांग्रेस शेखावाटी के लोगों को यमुना का पानी पीने नहीं देना चाहती

सीएम एयरपोर्ट से प्रदेश भाजपा मुख्यालय पहुंचे। यहां प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ की ओर से भी स्वागत किया गया। सीएम भजनलाल शर्मा बोले- ईआरसीपी की डीपीआर बन चुकी है। कुछ दिनों में इसका शिलान्यास और एमओयू भी होने वाला है।

सरकार में आते ही शेखावाटी के लोगों के लिए यमुना जल समझौता किया। कांग्रेस के लोग कहते हैं कि हमने कई बार केंद्र सरकार को पत्र लिखे। मैंने कहा कि आप एक पत्र तो दिखा दो लेकिन आज तक भी एक पत्र नहीं दिखाया।

इनका सच अभी कुछ दिन पहले ही सामने आया, जब इन्होंने हरियाणा में अपने घोषणा पत्र में लिखा कि इनकी सरकार बनेगी तो राजस्थान के साथ हुआ यमुना जल समझौता कैंसिल करेंगे।

सीएम बोले- मैं चुनाव में हरियाणा गया था। मैंने कहा कि यह केवल तुम्हारा सपना है। जब सरकार बनाओगे तभी तो समझौता रद्द करेंगे, जब तुम आओगे नहीं तो क्या रद्द करेंगे। इससे इनका सच सामने आ गया कि यह लोग शेखावाटी के लोगों को कभी यमुना का पानी पीते हुए देखना नहीं चाहते हैं।

RSS कार्यकर्ताओं को चाकू घोंपने वाले का घर ढहायाःजयपुर में अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर



24 न्यूज अपडेट

जयपुर . जयपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के 10 कार्यकर्ताओं को चाकू घोंपने वाले के घर पर आज बुलडोजर चलाया गया। जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की ओर से अवैध निर्माण को ढहाया गया। रजनी विहार में बाप-बेटे ने मंदिर में जागरण कर रहे आरएसएस कार्यकर्ताओं पर हमला कर दिया था।

एसीपी गौरीशंकर शर्मा ने बताया- गुरुवार को हुई वारदात के दूसरे दिन शुक्रवार को मौका परीक्षण किया था। इसके बाद मकान मालिक नसीब चौधरी को जेडीए ने शनिवार को नोटिस जारी किया था।

कार्रवाई के दौरान जुटी भीड़

कार्रवाई के दौरान मंदिर में लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने बताया कि इलाके में नसीब चौधरी का खौफ था। वह भूमाफिया है।

लोगों ने बताया कि नसीब चौधरी को मंदिर में आरती या धार्मिक कार्यक्रम करने पर ऐतराज होता था। शरद पूर्णिमा वाले दिन मंदिर में जागरण था। प्रसाद में बांटने के लिए खीर रखी हुई थी। इस दौरान नसीब चौधरी, उसकी पत्नी निर्मला और बेटा भीष्म चौधरी आए। नसीब ने लात मारकर खीर के भगोने को गिरा दिया था। बाप-बेटे ने 10 लोगों के चाकू मार दिया था। 24 घंटे में नोटिस का जवाब देने को कहा गया था। जवाब नहीं मिलने पर रविवार सुबह 10.40 बजे कार्रवाई की गई। जल्द ही जगह को अतिक्रमण मुक्त कर देंगे। नसीब चौधरी ने मंदिर की जमीन और पार्क पर अवैध कब्जा कर दो कमरों का ढांचा बना दिया था। कमरों में जिम का सामान और बड़े ड्रम रखे थे। दस्ते ने सामान समेत ही अतिक्रमण हटा दिया।

एसीपी ने कहा- कार्रवाई के जरिए मंदिर और पार्क की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया है। पड़ोसी ने यहां कब्जा कर लिया था। 20 बाई 35 वर्ग फीट जमीन पर कब्जा था। जेडीए ने इसे ध्वस्त किया है। मंदिर के आसपास के इलाके का भी सर्वे करेंगे। अतिक्रमण पाया गया तो उसे भी ध्वस्त करेंगे।

राजस्थान में दीपावली पर पड़ सकती है कड़ाके की सर्दीःमाउंट आबू और सीकर में रात का तापमान गिरा; जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी का दिखेगा असर



24 न्यूज अपडेट

जयपुर. राजस्थान में रात को सर्दी बढ़ने के साथ अब दिन में गर्मी का असर भी थोड़ा कम होने लगा है। श्रीगंगानगर, जैसलमेर, बाड़मेर में दिन के तापमान में धीरे-धीरे गिरावट आने लगी है। सीकर और माउंट आबू में सबसे कम तापमान दर्ज किया गया।

शेखावाटी एरिया में रात का तापमान अब 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज होने लगा है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि जम्मू-कश्मीर में होने वाली बर्फबारी का असर प्रदेश में दिखेगा। ऐसे में अक्टूबर के आखिरी सप्ताह से राजस्थान में सर्दी जोर पकड़ेगी।

पिछले 24 घंटे में सबसे कम तापमान माउंट आबू का

पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे कम तापमान हिल स्टेशन माउंट आबू के अलावा सीकर में दर्ज हुआ। सीकर में न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस, जबकि आबू में 14.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सीकर, चूरू में रात में तापमान कम होने से यहां लोग गर्म कपड़ों का उपयोग करने लगे हैं।

चित्तौड़गढ़, उदयपुर, हनुमानगढ़, जालोर, करौली, अलवर और भीलवाड़ा में भी रात का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे जा रहा है। यहां भी रात में अब सर्दी का दौर शुरू हो गया। इन शहरों में दिन का तापमान 36 डिग्री सेल्सियस श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, जयपुर, अलवर, भीलवाड़ा, अजमेर, कोटा, बाड़मेर, सीकर, बीकानेर, फलोदी, चूरू, धौलपुर, जोधपुर, जालोर, करौली, धौलपुर और बारां जिले में 19 अक्टूबर को दिन का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा तापमान 19 अक्टूबर को 39.2 डिग्री सेल्सियस जैसलमेर में दर्ज हुआ।

जयपुर में शादी के 4 दिन बाद भागी दुल्हनः3 लाख रुपए लेकर करवाई थी शादी, पैसों का लालच देकर किया था तैयार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर. जयपुर में शादी के महज 4 दिन बाद ही नई नवेली दुल्हन के गहने लेकर भागने का मामला सामने आया है। शादी करवाने की एवज में तीन लाख रुपए वर पक्ष से लिए गए थे। ससुराल से भागने से पहले दुल्हन ने दूल्हे को बताया- शादी करने के लिए उसे पैसों का लालच देकर तैयार किया गया था। एयरपोर्ट थाने में दूल्हे की मां ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

ASI लटूर प्रसाद ने बताया- जगतपुरा निवासी 47 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। उसके भाई का मकान प्रताप नगर में है। वह भाई से अक्सर मिलने आती-जाती रहती थी। भाई के घर के पास ही रहने वाले कौशल जैन से उसकी मुलाकात हो गई। बातचीत के दौरान बेटे की शादी के लिए रिश्ता ढूंढने की आरोपी कौशल को बताया। बातचीत के दौरान कौशल ने बताया- बिहार का रहने वाला एक गरीब परिवार है। उनकी लड़की से आपके बेटे की शादी करवा देता है।

3 लाख रुपए लेकर करवाई शादी

लड़की की फोटो दिखाकर शादी में आने वाला 3 लाख रुपए का खर्च उनका ही होने की बात हुई। तीन लाख रुपए देने पर दिसम्बर-2023 में मैरिज करना तय हो गया। मैरिज डील के तहत 3 लाख रुपए लेकर आरोपी कौशल ने अपने साथी सुरेश के साथ मिलकर दिसम्बर-2023 में दूल्हा-दुल्हन की शादी करवा दी। शादी के बाद दुल्हन को लेकर दूल्हा अपने घर आ गया।

दुल्हन ने भागने से पहले दूल्हे को बताई सच्चाई

चार दिन ससुराल में रही दुल्हन ने भागने से एक दिन पहले दूल्हे को सच्चाई बताई। दूल्हे को बोली- पैसों का लालच देकर उसको शादी के लिए तैयार किया गया था। शादी में उसके बताए गए माता-पिता भी फर्जी थे। शादी की डील कर 3 लाख रुपए लेने के बाद उसे एक भी रुपए नहीं दिए। शादी के दौरान दिए गए गहने पहन दुल्हन ससुराल से भाग निकली।

डेंगू मच्छरों, गंदगी के ढेरों और खुले तारों वाली गोवर्धन सागर पाल पर आपका स्वागत है! एक बार जाकर बदबूदार माहौल का आनंद जरूर लीजिए



24 न्यूज अपडेट

बारिश के पानी में पनपते डेंगू के मच्छर, जगह-जगह कचरे के ढेर, टूटी हुई रेलिंग, खुले हुए तार। चारों तरफ बदबू का साम्राज्य। जमीन पर चूहों के बिल जिसमें से ना जाने कब कोई सांप निकल कर आ जाए, हरदम ऐसा अंदेशा।ये हालात हैं उदयपुर की गोवर्धन सागर पाल और उससे सटे पार्क के। मेंटेनेंस और देखरेख के अभाव में यह पार्क धीरे-धीरे असामाजिक तत्वों और नशेड़ियों का अड्डा बनता जा रहा है। राजस्थान में सरकार भले ही ट्रिपल इंजन की हो लेकिन तीसरा इंजन याने कि स्थानीय निकाय इस पार्क की तरफ बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहा है। यहां आने वाले संवेदनशील शहरवासी दो-पांच मिनट से ज्यादा नहीं रूकते औरयहां की अव्यवस्थाओं को देखते हुए दुखी होते है। पूरे शहर में जिला प्रशासन डेंगू मच्छरों के लिए जागरूकता अभियान चला रहा है मगर यहां पर कचरे के ढेर लगे हैं, डस्टबीन बारिश के पानी से भरे हुए है जिनको कोई देखने वाला तक नहीं है। गार्डन की नियमित देखरेख नहीं होने से घास इतनी ज्यादा लंबी हो गई है कि उसके अंदर जाने खतरे से खाली नहीं है। यहां के सुविधाघरों के जो हाल हैं वो आप खुद देख सकते हैं। असामाजिक तत्वों ने यहां का मुख्य दरवाजा ही तोड़कर बेच खाया है। गार्ड नहीं होने से बची-खुची लोहे की रेलिंग भी चोरी होने का अंदेशा है। असामाजिक तत्वों व मदिरापान करने वालों के लिए तो यह जगह मानों मनचाही मुराद जैसी है। कोनों में कई जगह शराब की बोतलें देखी जा सकती है। यहां के खंभों की वारिंग खुली हुई है जो जानलेवा हो सकती है। लाइटें कभी लगती हैं तो कभी नहीं लगती हैं। हमने मौके पर मौजूद क्षेत्रीय निवासियों से बात की तो उनका कहना था कि सरकारी व राजनीतिक स्तर पर अनदेखी के कारण इस शानदार पार्क की बदहाली हो रही है। जब यह पार्क बना था तब बड़ी बड़ी बातें की जा रही थी लेकिन आज बड़ी बातें करने वाले नेताओं का पार्क में कोई इंटरेस्ट नहीं रह गया है।

बीएपी के टिकट घोषणा के बाद पार्टी में फूटःपोपट खोखरिया के घर जुटे समर्थक, केंद्रीय एकीकरण समिति से मिलकर लेंगे आगे का फैसला



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर. डूंगरपुर के चौरासी विधानसभा सीट पर उपचुनाव होने है। उपचुनाव में बीएपी की ओर से अनिल कटारा को उम्मीदवार घोषित करने के बाद पार्टी में फूट नजर आने लगी है। भील प्रदेश युवा मोर्चा के संयोजक पोपट खोखरिया के आह्वान पर उनके समर्थक उनके निवास पर जुटे। वहीं पोपट खोखरिया को टिकट नहीं मिलने पर आक्रोश जताया। पोपट खोखरिया की ओर से एक समिति बनाई गई है। जो बीएपी की केंद्रीय एकीकरण कमेटी से बात करेगी। वहीं उसके बाद आगे का फैसला लिया जाएगा। चौरासी विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर बीएपी ने चिखली ब्लॉक से जिला परिषद सदस्य अनिल कटारा को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। उम्मीदवार की घोषणा के बाद अब पार्टी में फूट नजर आने लगी है। बीएपी के पैनल में शामिल भील प्रदेश युवा मोर्चा के प्रदेश संयोजक पोपट खोखरिया ने टिकट नहीं मिलने पर नाराजगी जताई है। वहीं आज उन्होंने अपने टेंबा करावाड़ा निवास पर समर्थकों की बैठक बुलाई। बैठक में बड़ी संख्या में उनके समर्थक शामिल हुए। समर्थकों ने पोपट खोखरिया को टिकट नहीं दिए जाने पर आक्रोश जताया। बैठक में पोपट खोखरिया ने एक समिति बनाई है। समिति बीएपी की केंद्रीय एकीकरण समिति से बात करेगी। सकारात्मक नतीजा नहीं आने पर आगे का फैसला लिए जाने का निर्णय लिया है।

डूंगरपुर में पुलिस ने चलाया एरिया डॉमिनेशन अभियानःः115 अपराधियों को किया गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर.डूंगरपुर एसपी मोनिका सैन ने रविवार को वांछित और आदतन अपराधियों की धरपकड़ के लिए एरिया डॉमिनेशन अभियान चलाया। अभियान के तहत जिले भर में पुलिस की ओर से पुराने और शातिर बदमाशों की धरपकड़ की गई। जिसके तहत विभिन्न थाना पुलिस ने 115 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिले में विधानसभा उपचुनाव और आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पुलिस की ओर से ये कदम उठाए जा रहे हैं।

डूंगरपुर एसपी मोनिका सेन ने बताया कि पूर्व में चालानशुदा और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए ऑपरेशन एरिया डॉमिनेशन चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुराने शातिर बदमाशों की गिरफ्तारी की जा रही है। जिसके तहत 16 थानों की 51 पुलिस टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्र में दबिश देकर 115 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिसके तहत दोवड़ा थाना पुलिस ने अलग-अलग जगह दबिश देकर 3 वांछित अपराधी, सागवाड़ा थाना पुलिस ने 10 अपराधी, कोतवाली थाना पुलिस ने 20 अपराधी, सदर थाना पुलिस ने 9, निठाउवा ने 12, कुआ ने 21 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही रामसागड़ा, साबला, चौरासी, सरोदा, ओबरी, चितरी थाना पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्र में चालानशुदा और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी की है।

बांसवाड़ा में कुमार विश्वास बोले- कांग्रेस कहती थी हाथ का बटन दबाओ, केजरीवाल ने कहा झाड़ू का बटन दबाओ, भाजपा कहती थी कोई भी बटन बताओ, जीतेंगे तो हम ही,,,और जीत भी गए

24 न्यूज अपडेट



24 न्यूज अपडेट. बांसवाड़ा। मशहूर कवि कुमार विश्वास ने यहां कुशलबाग मैदान पर शनिवार रात सभी रसों की बारिश की। हजारों दर्शकों व श्रोताओं की मौजूदगी में कवि कुमार की हर कविता के प्रति दीवानगी देखते ही बन पड़ी। तालियों व सीटियों से दाद मिली तो वाहवाही के दौर के बीच रामयण के प्रसंगों से लोग भाव विभोर हो उठे। मौका यहां पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का था। मंच की कमान थामने ही कुमार ने कहा कि 14 वर्ष बाद बांसवाड़ा आया हूं तो ऐसा लग रहा है जैसे मैं अपनी अयोध्या में आ गया। डॉ. विश्वास ने उसके बाद अपनी लोकप्रिय कविताओं का नजराना पेश किया तो लोगों ने खूब ठहाके लगाए। उन्होंने कहा- राजस्थान में कोटा का कवि सम्मेलन और वहां के श्रोताओं की भीड़ के रिकॉर्ड को भी आज बांसवाड़ा ने तोड़ दिया है। कांग्रेस भी बैठी है, बीजेपी भी बैठी है, इतना समझ लो ये राजनीतिक मंच नहीं, कवियों का मंच है। उनकी कालजयी कविता-कोई दीवाना कहता है, कोई पागल समझता है, चलो अब लौट चलें रघुराय.. कविताएं सुनाई तो श्रोताओं ने खूब तालियां बजाई। कवि कुमार विश्वास की कविताओं के बीच मुंबई से आए हास्य कवि दिनेश बावरा ने चुनावों पर तंज कसते हुए कहा- कांग्रेस कहती थी कि हाथ का बटन दबाओ, केजरीवाल कहता था कि झाड़ू का बटन दबाओ। भाजपा कहती थी कि तुम कोई भी बटन बताओ, जीतेंगे तो हम ही, और जीत भी गए। डॉ. विश्वास ने कहा- 1991-92 में इसी कुशलबाग मैदान में जैन समाज की ओर से कवि सम्मेलन था। कवि एकेश ने मुझे बुला लिया था। बृजमोहन तूफान से एक हजार रुपए मांगे तो बोले-बजट नहीं है। मैं बोला-500 ही दे दो। मैंने 500 रुपए में काव्य पाठ किया था। मेरा 500 वाला काव्य समझ लिया होता तो इतना खर्च करके नहीं बुलाया होता। साक्षी तिवारी ने रचना सुनाई- खड़े दुश्मन सीमा पर तो फिर श्रंगार लिखूं क्या, शहीदों की शहादत पर जो आंसू न बहाए तो उनको गद्दार ना लिखूं तो क्या लिखूं। आगरा के रमेश मुस्कान, नोएडा से आए मुमताज नसीम, मुंबई से आए दिनेश बावरा, जबलपुर से सुदीप भोला, लखनऊ से साक्षी तिवारी, नोएडा से अमित शर्मा ने हास्य, वीररस सहित विभिन्न रसों के काव्यपाठों से देर रात तक श्रोताओं को गुदगुदाने के साथ ही देशभक्ति से ओतप्रोत करते हुए बांधे रखा। मेला कमेटी सदस्य व अन्य अतिथियों ने सभापति जैनेंद्र त्रिवेदी का स्वागत किया गया। सभापति ने कहा- मैं इधर या उधर का नहीं हूं, मैं तो जनता का हूं।

नाले में बह रहे थे 500 के ढेर सारे नोट, टूट पड़े लोग, भीड़ ने करीब 2.5 लाख रुपये बटोरे



24 न्यूज अपडेट

सांगलीः महाराष्ट्र के सांगली जिले के आटपाडी में नाले में बह रहे नोटों को पकड़ने बड़ी संख्या में लोगों टूट पड़े. लोगों में काफी उत्साह दिखा. दरअसल, अंबाबाई नाले में 500 रुपये के ढेर सारे नोट बह रहे थे. इन नोटों को पाने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी.

शनिवार को साप्ताहिक बाजार में आए लोगों ने देखा कि नाले में 500 के नोट बह रहे हैं. इसके बाद लोग नोट पकड़ने के लिए नाले में कूद पड़े. अनुमान है कि नदी से लोगों ने करीब दो से ढाई लाख रुपये एकत्र किए हैं. जानकारी के अनुसार आटपाडी कस्बे में शनिवार को साप्ताहिक बाजार लगता है. यह बाजार गांव में ही अंबाबाई मंदिर के बगल में स्थित नाले के पास लगता है. बाजार का दिन होने के कारण सुबह के समय लोग आ-जा रहे थे. सुबह करीब नौ बजे बाजार के लिए जा रहे कुछ नागरिकों ने देखा कि नाले से नोट बह रहे हैं.

इसके बाद कुछ लोग पानी में उतरे और चेक किया कि क्या ये नोट असली हैं? पांच सौ के नोट असली होने की जानकारी मिलने के बाद यह खबर इलाके में हवा की तरह फैल गई. इसके बाद नोट बटोरने के लिए बड़ी संख्या में लोग नाले में कूद पड़े.

कहां से आए नोट?

इस बीच, सूचना मिलने पर आटपाडी पुलिस भी मौके पर पहुंची. पुलिस ने लोगों को नाले से बाहर निकाला और नोटों को बटोरने का काम शुरू कर दिया है. लेकिन ये नोट कहां से आए? किसने और क्यों डाले? यह अभी तक समझ में नहीं आया है.

एसपी ने सीमलवाड़ा वृत्त के थानाधिकारियों की ली बैठक
उपचुनाव में कानून व्यवस्था सहित अन्य मुद्दों पर की चर्चा



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर. एसपी मोनिका सैन रविवार को सीमलवाड़ा क्षेत्र के दौरे पर रही। धंबोला थाने में सीमलवाड़ा वृत्त के थानाधिकारियों की बैठक ली। एसपी ने चौरासी विधानसभा उपचुनाव में कानून व्यवस्था, शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव को लेकर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डूंगरपुर एसपी मोनिका सैन धंबोला थाने पहुंची। इस दौरान एसपी मोनिका सेन ने धंबोला थाने में सीमलवाड़ा वृत्त क्षेत्र के थानाधिकारियों की बैठक ली। सीमलवाड़ा डिप्टी राजकुमार राजोरा, धंबोला थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान, चौरासी थानाधिकारी सुरेश कुमार, रामसागड़ा थानाधिकारी गोपालनाथ और कुआं थानाधिकारी रामेंग पाटीदार मौजूद रहे। एसपी ने चौरासी विधानसभा सीट पर 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव की तैयारियों के बारे में चर्चा की।

उन्होंने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने, वांछित अपराधियों की धरपकड़ करने के साथ, लाइसेंस शुदा हथियारों को जमा करने, अवैध शराब, अवैध नगदी परिवहन पर रोक के लिए विशेष निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने थानाधिकारियों से उनके क्षेत्र में संवेदनशील क्षेत्र ओर बूथों की जानकारी ली। साथ ही क्षेत्र में निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव करवाने के लिए निर्देश दिए।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।